

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वादश सत्र

## ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-23.07.2024 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | श्री प्रमोद कुमार, स०वि०स०<br>श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव, स०वि०स०<br>श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता, स०वि०स०<br>श्री जनक सिंह, स०वि०स०<br>श्री मोती लाल प्रसाद, स०वि०स०<br>श्री अशोक कुमार, स०वि०स०<br>श्री संजय सरावगी, स०वि०स०<br>श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' स०वि०स०<br>श्री वीरेन्द्र कुमार, स०वि०स०<br>श्री मुरारी मोहन झा, स०वि०स० | ''नालन्दा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रतिदिन ओपीडी के 4000 से 5000 मरीज आते हैं जिन्हें समुचित इलाज हेतु मात्र 700 बेड है । हल्की बारिश से पूरा अस्पताल जल जमाव के कारण अस्त व्यस्त हो जाता है । मगध क्षेत्र के आमजन का मुख्य चिकित्सा केन्द्र है ।<br>अत: बढ़ते हुए जनसंख्या को ध्यान में रखकर पी. एम.सी.एच. की तरह नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल को विकसित कराने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।'' | स्वास्थ्य |

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2. | श्री समीर कुमार महासेठ, स०वि०स० | राज्य में कला संस्कृति को बढ़ावा दिये जाने के लिये सरकार द्वारा खेल विश्वविद्यालय एवं खेल विभाग का गठन किया गया है परंतु विश्व स्तर पर सबसे लोकप्रिय माने जानेवाले फुटबॉल खेल के लिये सरकार द्वारा न तो पंचायत स्तर से लेकर राजधानी पटना तक में कोई फुटबॉल के लिये स्टेडियम विकसित किया जा रहा है और न ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है । क्रिकेट पर सबका ध्यान है परंतु फुटबॉल उपेक्षित है ।<br><br>अतः पंचायत से लेकर राजधानी पटना तक में फुटबॉल के एक-एक स्टेडियम का निर्माण कराये जाने हेतु सरकार का ध्यानाकृष्ट करता हूँ । | खेल |

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-12/2024- 1901 / वि०स०, पटना, दिनांक- 22 जुलाई, 2024 ई० ।
प्रतिः- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

22.07.2024
**(उमा शंकर यादव)**
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-12/2024- 1901 / वि०स०, पटना, दिनांक- 22 जुलाई, 2024 ई० ।
प्रतिः- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्री के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमशः माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

22.07.2024
**(उमा शंकर यादव)**
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-12/2024- 1901 / वि०स०, पटना, दिनांक- 22 जुलाई, 2024 ई० ।
प्रतिः- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / स्वास्थ्य विभाग तथा खेल विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

22.07.2024
**(उमा शंकर यादव)**
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-12/2024- 1901 / वि०स०, पटना, दिनांक- 22 जुलाई, 2024 ई० ।
प्रतिः- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

22.07.2024
**(उमा शंकर यादव)**
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

22.07.24